भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 18.04.2024

## आरेडिका में मनाया गया वर्ल्ड हेरीटेज डे

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में "वर्ल्ड हेरीटेज डे" पर सेन्ट्रल पार्क के पास बने रेलकोच हेरीटेज पार्क पर सीपीई श्री आनन्द प्रकाश सोनी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाँ विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अमूल्य विरासतों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

आरेडिका प्रशासन के द्वारा इस हेरीटेज पार्क पर रेलवे के कोचों एवं इंजनों को संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है जो रेलवे की अनमोल विरासतों का संरक्षण कर रहा है साथ ही साथ लोगों को रेलवे की भूली–बिछड़ी यादों से जोड़कर लोगों के मन को मोहित भी करता है।

भारत एक विविधताओं से भरा देश है क्योंकि यहाँ दुनियां की अनेक सभ्यताओं संस्कृतियों, वनस्पतियों एवं जीव–जन्तुओं को पलने और पनपने का अवसर मिला। यह देश अपनी पौरांणिक मान्यताओं, मंदिरों, त्योहारों, ऐतिहासिक भवनों, किलों, स्मारकों, नृत्यकलाओं, युद्ध–विधाओं, स्थानीय कलाओं, त्यौहारों, मेलों वनस्पतियों एवं जीव–जन्तुओं आदि के लिए जाना जाता है। भारत की इन गौरवशाली धरोहरों से देश दुनिया के जन मानस को परिचित कराने एवं इनके संरक्षण के उद्देश्य से यूनेस्को के सहयोग से हर साल 18 अप्रैल के दिन को "विश्व विरासत दिवस" के रूप में मनाया जाता है ताकि लोगों को अपने पूर्वजों द्वारा छोड़ी गयी अनमोल धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके।

केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को अमूल्य विरासतों के महत्व के प्रति जागरूक किया एवं पुरस्कार प्राप्त किये।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

18/4/24

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन संपर्क अधिकारी